# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/1387
दिनांकः 16.10.2019

### विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (एल–एल0एम0 एवं एम0फिल0 सहित) में सत्र 2019–20 की **विषम सेमेस्टर परीक्षा (नवम्बर–दिसम्बर 2019)** के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरवाये जा रहे हैं।

अवगत कराना है कि कतिपय ऐसे छात्र/छात्रायें जो अपने अन्तिम सेमेस्टर तक की परीक्षा में सम्मिलित हो गये हैं तथा अधिकतम समयावधि (4/6/8 वर्ष) पूर्ण होने के बाद भी केवल किसी एक सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण है उपरोक्त सन्दर्भित विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) की परीक्षा हेतु एक वर्ष अधिक होने के कारण कालबाधित की श्रेणी में आते हैं।

अतः पूर्व में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त विषम सेमेस्टर के उपरोक्त सन्दर्भित एक वर्ष कालबाधित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अंकन रूपये 5000/– (पाँच हजार मात्र) शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा आगामी विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) के परीक्षा में सम्मिलित होने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।

**उपरोक्त सन्दर्भित ऐसे अभ्यर्थी अन्तिम तिथि दिनांक 25.10.2019 तक अपना परीक्षा फार्म भर सकते हैं।**

16/10/19
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रतिकुलपति को, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि उपरोक्त सन्दर्भित **केवल एक वर्ष कालबाधित श्रेणी (Time Barred)** के परीक्षा फार्मो को अतिरिक्त शुल्क अंकन रू0 5000/– (पाँच हजार मात्र) के साथ विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि उपरोक्त सन्दर्भित विज्ञप्ति छात्र/छात्रा को परीक्षा फार्म भरने के साथ ही उपलब्ध हो।

16/10/19
परीक्षा नियंत्रक